महिला सशक्तिकरण के लिए होगा काम

'फ्लो' : इंदौर चेप्टर के शुभारंभ पर कई महिला उद्यमी और प्रोफेशनल्स रहीं मौजूद

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

फिक्की लेडीज आर्गेनाइजेशन (फ्लो) के 11वें चेप्टर के शुभारंभ के साथ ही मप्र में फ्लो की उपस्थिति दर्ज हो गई। इस अवसर पर आर्गेनाइजेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता बूरचा मौजूद थीं। अतिथि वुमन वीव चैरिटेबल ट्रस्ट की सीईओ तथा संस्थापक सॅली होलकर, पूर्व महापौर उमाशशि शर्मा व डॉ. दिव्या गुप्ता थीं।

बुधवार को होटल रेडिसन में शुभारंभ अवसर पर शहर व आसपास की कई महिला उद्यमी, प्रोफेशनल्स सहित बड़ी संख्या में गणमान्य महिलाएं मौजूद थीं। साथ ही फ्लो की पूर्व अध्यक्ष आभा डालमिया व शुभ्रा गुप्ता, उपाध्यक्ष विनीता बिमभेट, एक्जिक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. मंजू कालरा प्रकाश तथा अधिशासी निकाय सदस्य उज्ज्वला सिंघानिया, मीरा गोयल, सीमा कोठारी, संध्या सेठी, तान्या छाबरिया भी विशेष रूप से उपस्थित थीं।

महिला कौशल बढ़ाना उद्देश्य

कार्यक्रम के आरंभ में राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता बूचरा ने विशिष्ट अतिथियों तथा नए चेप्टर के सदस्यों का स्वागत कर आर्गेनाइजेशन द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा संगठन नेटवर्क तथा उसका व्यवसाय बढ़ाने में अवसर देता है। फ्लो का मुख्य कार्य महिलाओं का कौशल बढ़ाना तथा आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अवसर निर्मित करने के लिए कौशल विकास पहल पर केंद्रित है।

यूनेस्को का अध्ययन जारी करेंगे

बूचरा ने कहा जयपुर में 16 दिसंबर को आयोजित अंतरराज्यीय बैठक में भारत में महिलाओं को प्रभावित करने वाले कानून को लेकर 'रेडी रेकनर क्रिएटिंग एन इनेबलिंग एनवायरन्मेंट फॉर वूमंस एंटरप्रेन्योरशिप इन इंडिया' पर यूनेस्को का अध्ययन जारी किया जाएगा।

50 एकड़ में बनेगा वुमन पार्क

उन्होंने बताया तेलंगाना में 50 एकड़ जमीन पर बनने वाले वुमन एंटरप्रेन्योर्स पार्क के लिए तेलंगाना राज्य औद्योगिक संरचना निगम (टीएसआईआईसी) के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। ग्रामीण महिलाओं को बाजार में ज्यादा रोजगार दिलाने के लिए फ्लो तृणमूल स्तर पर उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

इंदौरी महिलाओं ने पैर जमाए

उन्होंने कहा इंदौर की महिलाओं ने विभिन्न उद्योगों में अपने पैर जमा रखे हैं। फ्लो के इंदौर चेप्टर का उद्देश्य यहां महिला उद्यमियों और प्रोफेशनल्स को बढ़ावा देना तथा उन्हें पेशेवर बनाने में मदद करना है। इस चेप्टर का शुभारंभ मौजूदा, भावी उद्यमियों तथा अन्य प्रोफेशनल्स को फ्लो की छतरी के नीचे लाने में मदद करेगा।

आरती सांघी पहली अध्यक्ष

इस अवसर पर आरती सांघी को इंदौर चेप्टर की पहली अध्यक्ष घोषित किया गया। सांघी ने कहा ये अवसर देने के लिए मैं ज्लो की आभारी हूं। इस पद के दायित्व निभाने के लिए मुझे सभी के सहयोग की आवश्यकता है।